चौमूं नगरपरिषद में आशीष दुसाद सभापति बने

चौमूं / कालाडेरा। चौमूं नगरपरिषद व कालाडेरा नगर पालिका में भाजपा ने बोर्ड बना लिया है। चौमूं नगर परिषद के सभापति पद के चुनाव में बीजेपी के आशीष दुसाद ने जीत दर्ज करते हुए सभापति की कुर्सी पर कब्जा जमाया है। चौमूं नगर परिषद के रिटर्निंग अधिकारी चौमूं उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने चौमूं नगर परिषद के 45 वार्डों के पार्षदों के मतदान करने के बाद परिणाम घोषित किया। आशीष दुसाद को कुल 33 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी रजनी सैनी के खाते में 12 वोट आए रिटर्निंग अधिकारी ने नवनिर्वाचित सभापति आशीष दुसाद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं कालाडेरा नगर पालिका के अध्यक्ष के चुनाव में बीजेपी की उर्मिला कुमावत ने जीत दर्ज करते हुए अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा जमाया है। नगर पालिका कालाडेरा की रिटर्निंग अधिकारी मुक्ता राव ने कालाडेरा नगर पालिका के 20 वार्डों के पार्षदों के मतदान करने के बाद परिणाम घोषित किया। उर्मिला कुमावत को कुल 13 वोट मिले, जबकि कांठोस प्रत्याशी बबीता कुमावत के खाते में 7 वोट आए। रिटर्निंग अधिकारी मुक्ता राव ने नगर पालिका कालाडेरा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष उर्मिला कुमावत को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। चौमूं नगरपरिषद में कुल 45 वार्ड हैं। इनमें भाजपा के 30 पार्षद, कांठोस के 12 पार्षद और 3 निर्दलीय पार्षद हैं। सभापति चुनाव के दौरान तीनों निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा के समर्थन में आने से चुनाव का गणित पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में चला गया और आशीष दुसाद ने 33 मत हासिल कर 21 वोटों से जीत दर्ज की। उन्होंने कांठोस की रजनी सैनी को 21 वोटों से हराया है। वहीं कालाडेरा नगर पालिका के कुल 20 वार्ड है। इनमें भाजपा के 12 पार्षद, कांठोस के 7 पार्षद और 1 निर्दलीय पार्षद है। अध्यक्ष के चुनाव के दौरान 1 निर्दलीय पार्षद के भाजपा के समर्थन में आनें से चुनाव का गणित पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में चला गया और उर्मिला कुमावत ने 13 मत हासिल कर 6 वोटों से जीत दर्ज की। उर्मिला कुमावत ने कांठोस की बबीता कुमावत को 6 वोटों से हराया है। चुनाव परिणाम सामने आते ही भाजपा खेमे में उत्साह का माहौल नजर आया। समर्थकों ने जीत का जश्न मनाया और चौमूं नगर परिषद के नवनिर्वाचित सभापति आशीष दुसाद व कालाडेरा नगर पालिका की अध्यक्ष उर्मिला कुमावत का स्वागत किया। सभापति चुने जाने के बाद आशीष दुसाद ने कहा कि चौमूं के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। शहर की मूलभूत सुविधाओं, विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की बात उन्होंने कही। खास बात यह है कि आशीष दुसाद इससे पहले भी वर्ष 2010 से 2015 तक चौमूं नगरपालिका के चेयरमैन रह चुके है। अब एक बार फिर उन्हें शहर की स्थानीय सरकार की जिम्मेदारी मिली है। सभापति चुनाव के नतीजों के साथ चौमूं नगरपरिषद में भाजपा का बोर्ड बनना स्थानीय राजनीति में अहम माना जा रहा है। कालाडेरा नगर पालिका की अध्यक्ष उर्मिला कुमावत ने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। कस्बे की मूलभूत सुविधाओं, विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के साथ ही कस्बे वासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने की बात कही। इस दौरान गोविन्दगढ डिप्टी शिवा शर्मा कालाडेरा थानाधिकारी पूजा पूनियां, सहित पुलिस अधिकारी और जवान मौके पर मौजूद रहे।

उर्मिला कुमावत कालाडेरा नगरपालिका की पहली अध्यक्ष बनी।

- आशीष दुसाद को कुल 33 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी रजनी सैनी के खाते में 12 वोट आए रिटर्निंग अधिकारी ने नवनिर्वाचित सभापति आशीष दुसाद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

सार-समाचार

राजगढ़ में भाजपा की रेखा देवी ने निर्दलीय राजकुमार सैनी को हराया

राजगढ़। नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा की रेखा देवी ने निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार सैनी को 18 मतों से हराया। 40 वार्ड पार्षदों की नगरपालिका में भाजपा प्रत्याशी रेखा देवी को 29, निर्दलीय राजकुमार सैनी को 11 मत प्राप्त हुए। विजेता प्रत्याशी रेखा देवी को रिटर्निंग अधिकारी सीमा मीणा ने शपथ दिलाई एवं प्रमाण पत्र सौंपा। इससे पूर्व भाजपा समर्थित प्रत्याशियों एवं निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों ने दोपहर 12 बजे तक मतदान कर अपना पक्ष रखा। विजेता भाजपा प्रत्याशी रेखा देवी को रिटर्निंग अधिकारी सीमा मीणा ने शपथ दिलाई एवं विजेता का प्रमाण पत्र सोंपा। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद का चुनाव में मतदान शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इससे पूर्व पुलिस उप अधीक्षक देशराज कुलदीप के नेतृत्व में राजगढ़,टहला, रेणी एवं अन्य थानों की पुलिस के साथ आर ए सी के जवान तैनात किए गए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने दो स्तरीय बेरीकेटिंग की। इसके बाद मतदाताओं को अंदर प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी सीमा मीणा,सहायक रिटर्निंग अधिकारी रतनलाल बंसीवाल, अधिशासी अधिकारी विक्रांत शर्मा, एवं पुलिस बल मौजूद रहा। भाजपा की रेखा देवी निर्वाचित होने की सूचना के बाद परिजनों एवं समर्थकों ने विजय जुलूस निकाला। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी समर्थकों एवं परिजनों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खुशी का इजहार किया।

संयम ही कर्मो को रोकने का एकमात्र मार्ग है : सुन्दर सागर महाराज

निवाई। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अठावाल मंदिर एवं श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य सुन्दर सागर महाराज के सानिध्य में पर्युषण दशलक्षण पर्व के छटवें दिन संगीतमय उत्तम संयम धर्म की विधिवत पूजा अर्चना कर अनुष्ठान किया गया। रविवार को बड़ा जैन मंदिर में वार्षिक कलशाभिषेक किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर माला पहनने का सौभाग्य प्रकाशचन्द बडेरा को मिला। दशलक्षण महापर्व के तहत सन्मति सुन्दर श्रावक संस्कार शिविर में सोमवार को उत्तम संयम धर्म की विशेष पूजा अर्चना की गई, जिसमें त्यागी तपस्वियों सहित 200 शिविरार्थियों ने अनुष्ठान में भाग लेकर उत्तम संयम धर्म की आराधना की। चातुर्मास कमेटी के मीडिया प्रभारी सुनिल भाणजा व विमल पाटनी ने बताया कि दशलक्षण धर्म कार्यक्रम से पूर्व मूलनायक भगवान शांतिनाथ जी के समक्ष मंदिर अध्यक्ष सुशील जैन, दिगम्बर जैन अठावाल समाज अध्यक्ष विष्णु बोहरा, नेमीचंद सिरस एवं महेश मोटूका ने दीप प्रज्वलित किया। शिविर से पूर्व आचार्य सुन्दर सागर महाराज, मुनि श्रुतांश सागर महाराज, एवं आर्यिका सुलक्ष्य मति माताजी के विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ जी का अभिषेक एवं शांतिधारा की। चातुर्मास कमेटी के प्रवक्ता हितेश छाबड़ा एवं रोनक बोहरा ने बताया कि धार्मिक शिविर में ध्यान क्रिया एवं योग क्रिया की गई, उसके बाद सेंकड़ों श्रद्धालुओं ने नव देवता पूजा, देव शास्त्र गुरु पूजन, आचार्य आदि सागर महाराज अंकलीकर पूजा, आचार्य महावीर कीर्ति महाराज, आचार्य विमल सागर महाराज, आचार्य सन्मति सागर महाराज एवं आचार्य सुन्दर सागर महाराज की संगीतमय पूजन किया। इसके पश्चात आचार्य सुन्दर सागर महाराज के पांच दिन के उपवास के बाद छटे दिन महापारणा हुआ।

सार-समाचार

रामदेव जयंती पर भजनों और जयकारों से गूंजा करीरी

मनोहरपुर। ग्राम करीरी स्थित रामदेव मंदिर में सोमवार को रामदेवजी महाराज की जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। जयंती समारोह को लेकर मंदिर परिसर को फूलों, आकर्षक सजावट और मनमोहक झांकियों से सजाया गया। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। उपसरपंच प्रतिनिधि संग्राम सिंह शेखावत के नेतृत्व में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में बडी संख्या में ग्रामीणों एवं आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने रामदेव बाबा के दर्शन किए। जयंती के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। रामदेव बाबा को विधिवत भोग लगाकर आरती की गई और क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। मंदिर पुजारी बाबूलाल सबल ने बताया कि पूजा-अर्चना एवं आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में सजाई गई आकर्षक झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। समारोह के दौरान आयोजित भजन संध्या में नवरत्न शर्मा एंड पार्टी करीरी के कलाकारों ने रामदेव बाबा की महिमा और भक्ति से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों और जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते रहे और रामदेव बाबा के जयकारे लगाते रहे। ग्रामीणों की ओर से मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। उपसरपंच प्रतिनिधि संग्राम सिंह शेखावत ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारा, सामाजिक एकता और सद्भाव मजबूत होता है। कार्यक्रम में हनुमान सहाय मीणा, मोहन पटवारी, चंदन शेखावत, बाबूलाल सबल, बंशीधर सबल, प्रहलाद वर्मा, मनोज मीणा, दिनेश वर्मा, गजानंद मीणा, उमेश मीणा, रोहिताश मीणा, पपन कुमावत, रामजी लाल पारीक सहित अनेक ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

लालसोट में 'कपिल सरकार' का आगाज, 7 वोट से भाजपा को पटका

लालसोट। नगर परिषद लालसोट की सभापति कुर्सी को लेकर चल रही सियासी जंग का सोमवार को जोरदार पटाक्षेप हुआ। कांग्रेस के कपिल पुरोहित ने 7 मतों के अंतर से भाजपा की पिंकी चतुर्वेदी को शिकस्त देकर सभापति की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया। 35 पार्षदों ने मतदान किया और मतगणना में कपिल पुरोहित को 21 वोट, जबकि पिंकी चतुर्वेदी को 14 वोट मिल। कपिल की जीत के साथ ही नगर परिषद की राजनीति में नया अध्याय शुरू हो गया है। परिणाम सामने आते ही समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। नवनिर्वाचित सभापति कपिल पुरोहित ने राष्ट्रदूत संवाददाता से बातचीत में स्पष्ट शब्दों में कहा कि 21 सितंबर से नगर परिषद कार्यालय में भ्रष्टाचार खत्म करने की दिशा में काम शुरू होगा।

चोरी प्रकरण में फरार आरोपी गिरफ्तार, साथ ही मोटरसाइकिल जब्त

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना द्वारा चलाये जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ विशेष अभियान के वृताधिकारी निवाई रवि प्रकाश के सुपरविजन एवं निवाई थानाधिकारी घासीराम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अभियान में कार्यवाही करते हुए क्षेत्र में गस्त के दौरान तकनीकी साक्ष्यो व मुखबिर की सुचना पर आरोपी सुनील कुमार पुत्र ओमप्रकाश प्रजापत उम्र 32 साल निवासी श्रीरामपुरा थाना माधोराजपुरा जिला जयपुर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया जाकर उसकी निशान देही पर चोरी गई मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है। निवाई थानाधिकारी ने बताया कि गत 17 सितम्बर को परिवादी दिलीप कुमार डासवानी पुत्र नरेन्द्र कुमार सिंधी उम्र 52 साल निवासी गली न. 5 सिंधी कालोनी निवाई की मोटरसाईकिल अपने घर के सामने स्थित गैरेज पर खडी करके जाने के बाद वापस आने पर मोटरसाईकिल गायब मिलने के बाद परिवादी ने निवाई थाना मे प्रकरण दर्ज कराया।

700 ग्राम गांजा सप्लाई करने वाला आरोपी राजेन्द्र उर्फ पप्पोली गिरफ्तार

भरतपुर (निसं)। थाना बयाना कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा सप्लाई करने के मामले में वांछित आरोपी राजेन्द्र उर्फ पप्पोली को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर दो आरोपियों को गांजा उपलब्ध कराने का आरोप है। मामले में दो आरोपियों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार 5 अगस्त 2026 को गश्त के दौरान रेलवे लाइन एवं रीको बयाना के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को पुलिस टीम ने संदिग्ध अवस्था में देखा। पुलिस को देखकर दोनों वापस जाने लगे, जिस पर उन्हें रोककर तलाशी ली गई। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम धर्मवीर सिंह पुत्र बहादुर सिंह गुर्जर तथा गणेशपुरी पुत्र सामन्तपुरी गुसाईं बताए।

स्वच्छता का संदेश

कोटा, (निसं)। स्वच्छ सार्वजनिक स्थल थीम के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

नाम परिवर्तन

मैं साजिदा बानो कादरी पत्नि नौशाद अली कादरी ने अपना नाम साजिदा बानो (SAZIDA BANO) से बदल कर साजिदा बानो कादरी (SAZIDA BANO QADRI) रख लिया है। भविष्य में मुझे सभी प्रयोजनों के लिए इसी नाम से जाना पहचाना जाये।
पता आशियाना रोशन रामदेव मन्दिर के पास बड़ी जस्सोलाई बीकानेर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांकः3830 दिनांकः15/09/26

जाहिर आम-सूचना सुश्री वन्दना माहेश्वरी पुत्री श्री जी.पी. माहेश्वरी को आवास संख्या 185/201 (LIG), (एरिया 60.000 वर्गमीटर,) प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर में आवंटन किया जाकर आंवटन पत्र क्रमांक 1359 दिनांक 30.06.2006 को जारी किया गया। सुश्री वन्दना माहेश्वरी की मृत्यु दिनांक 09.05.2023 को हो जाने के कारण उनकी माता श्रीमती लाजवन्ती माहेश्वरी पत्नी स्व. श्री गिर्राज प्रसाद माहेश्वरी द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम शपथ पत्र, क्षितपूर्ति बन्धक पत्र, घोषणा पत्र एवं आश्वयक प्रपत्रों के आधार पर मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती लाजवन्ती माहेश्वरी पत्नी स्व. श्री गिर्राज प्रसाद माहेश्वरी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्र सं-WB-74-W-O/Works/NIT/X दिनांकः- 17.09.2026

मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमो के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रो में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा सूचना सं. : 148 of 2026-27 कार्य का नाम व स्थान : Supplying of 65 mm gauge machine crushed railway track ballast in stacks & Loading same ballast into Railway ballast hoppers at Haralaya ballast depot of Jodhpur Division. अनुमानित लागत रूपये : 238302579.60 बयाने की राशि रूपये : 4766100.00 ई-निविदा सूचना सं. : 151 of 2026-27 कार्य का नाम व स्थान : Replacement of Old/ dilapidated quarters by 17 units Type-II, 1 units Type-IV quarters under ADEN/JSM. अनुमानित लागत रूपये : 45034917.70 बयाने की राशि रूपये : 900700.00 ई-निविदा सूचना सं. : 154 of 2026-27 कार्य का नाम व स्थान : Zone contract (Masonry & Painting Work) Zone 2:- Service Buildings in the Section of SSE/W/B/JU i.e. RKB Station, Parcel office, HRD Training Centre, Rly. institute, PRS, ORH, SRH, Sr. SRH, MS Office, PWI Office, Loco Office, DRM Office, AOTA Office, BRI Office, water supply, complex and other service building at JU under ADEN/HQ/JU for year 2026-27 & 2027-28. अनुमानित लागत रूपये : 21287012.69 बयाने की राशि रूपये : 425800.00 ई-निविदा सूचना सं. : 155 of 2026-27 कार्य का नाम व स्थान : Updating, reconciling, certification and computerisation of land plans for Station area, Railway colony area & mid section including mutation of lands in favour of Railways of Jodhpur Division, North Western Railway. अनुमानित लागत रूपये : 23483727.51 बयाने की राशि रूपये : 469700.00 निविदा सूचना संख्या 148of2026-27 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 12/10/2026, 1510f2026-27 निविदा प्रस्तुत करने व तिथि 08/10/2026, 154of 2026-27 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 08.10.2026 एवं 1550f2026-27 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 09.10.2026 को 15:00 बजे तक है। वेबसाईट का विवरण जहाँ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है www.ireps.gov.in

1357-CQ/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

खोया पाया

मेरे मकान संख्या 3त 31ए, जवाहर नगर, जयपुर का पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी कही खो गयी है। मिलने पर सूचित करे-8107287261- संजीव गाँधी

मेरे मकान का पट्टा कही खो गया है एड्रेसः अजबगढ़ उर्फ़ हाड़ी का बास, पोस्ट नटाटा तहसील जमवारामगढ़ जिला जयपुर जारी दिनांक 24/08/1996 प्लाट साइज़ 40 फीट चोडा 60 फीट लम्बाई जो मेरे पिता के नाम से हैः नाम स्व.श्री तेजमालदान चरण। मिलने पर सूचित करे- इन्द्र दान चरण-9145967926

मेरे मकान नम्बर-61/160, सेक्टर-6, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का ओरिजनल अलाटमेंट लेटर+नियमिति करण एवम् अदेय प्रमाण पत्र+हैंड औवर/ टेकेन ओवर कहीं खो गया। मिलने पर सूचित करें मुन्ना देवी-9314872154

अग्रसेन जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक

निवाई। अग्रवाल समाज के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन महाराज की 5180 जन्म जयंती की तैयारियों को लेकर भंवरलाल सीदडा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य राकेश अग्रवाल व ताराचंद बोहरा ने बताया कि महाराजा अग्रसेन महाराज जयंती का शुभारंभ 10 अक्टूबर को अठावाल धर्मशाला में सुबह ध्वजा रोहण के साथ होगा। 9 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन होगा एवं सांय काल नसियां जैन मंदिर में महिला मण्डल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी प्रकार 11 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन महाराज का अग्रवाल धर्मशाला से विशाल शोभायात्रा का जुलूस रवाना होकर नसियां जैन मंदिर में पहुंचेगी। उसके पश्चात समस्त अग्रवाल समाज का सामूहिक स्नेह भोज का आयोजन होगा।

निवाई पालिका चुनाव में भाजपा के नरेंद्र शर्मा 2 मत से जीते

- भाजपा के 18, कांग्रेस के 19 व 3 निर्दलीयों ने किया मतदान
- परिणाम घोषित होते ही हजारों कार्यकर्ता, गोरक्षक और समर्थक नगरपालिका कार्यालय पहुंचे, जहां सबने मिलकर नरेंद्र शर्मा, विधायक रामसहाय वर्मा और भाजपा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की

निवाई। नगर पालिका चुनाव 2026 को लेकर सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव संपन्न हुए। भाजपा के नरेंद्र शर्मा ने जीत दर्ज कर शहर के सबसे युवा चेयरमैन चुने गए हैं। सोमवार की सुबह भाजपा उम्मीदवार नरेंद्र शर्मा और कांग्रेस उम्मीदवार नगरपालिका कार्यालय पहुंचे। जहां नगर पालिका चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर गंभीर सिंह ने उम्मीदवारों के समक्ष मतदान पेटी को सील किया। मतदान ठीक 10 शुरू हुआ। सर्व प्रथम कांग्रेस पार्षद दुर्गा लाल सैनी ने अपना मत डाला। इसके बाद भाजपा के 18 पार्षदों व एक निर्दलीय प्रत्याशी ने मतदान किया। इसके बाद कांग्रेस की डोली चौधरी व अनुराधा जाट ने अपने मत का प्रयोग किया। इसके तुरंत बाद शेष सभी पार्षदों ने मतदान किया। मतदान पूर्ण होने के बाद मत गणना हुई। दोपहर करीब 12:40 बजे परिणाम की घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि 40 पार्षदों ने मतदान किया। मतगणना में भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र कुमार शर्मा को 21 मत मिले और कांग्रस प्रत्याशी रेखा जैन को 19 मत मिले। रिटर्निंग ऑफिसर गंभीर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र शर्मा को 2 मतों से को विजयी घोषित कर दिया। चुनाव में कांठोस के 19 पार्षद, भाजपा के 18 पार्षद व तीन निर्दलीय पार्षद जीतकर आए थे। घोषित परिणाम में भाजपा को 18 के मुकाबले 21 मत मिले जबकि कांग्रेस के 19 पार्षद जीतकर आए थे और मतदान के दौरान भी कांग्रेस प्रत्याशी रेखा जैन को 19 वोट ही मिले है। परिणाम घोषित होते ही हजारों कार्यकर्ता, गोरक्षक और समर्थक नगरपालिका कार्यालय पहुंच गए। जहां सबने मिलकर नरेंद्र शर्मा, विधायक रामसहाय वर्मा और भाजपा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।

श्रीगोपाल गौशाला के सचिव पवन कुमार मोदी बने सांभर नगरपालिका के चैयरमेन

सांभरझील, (निसं)। सांभर में पांच वर्ष से अधिक समय के बाद शहर की सरकार को आज नया मुखिया मिल गया। भारतीय जनता पार्टी के चैयरमेन पद के लिए अधिकृत उम्मीदवार पवन कुमार मोदी (एम ए समाजशास्त्र) चुनाव जीत गए, उन्होंने प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार नमिता शर्मा को हराकर सांभर के प्रथम नागरिक होने का गौरव हासिल किया। भाजपा चुनाव जीतने के बाद पूरी तरह से गदगद है। राजनीति के इतिहास में यह हर्षमिश्रित आश्चर्यपूर्ण अनुभव भी लोगों का रहा कि प्रथम बार मंडल अध्यक्ष बनने के बाद चुनावी मैदान में उतरे, तमाम राजनीतिक बाधाओं को पार करते हुए सांभर के सिरमौर बनने में कामयाब हुए। पिछली दफा अपनी ही राजनीतिक गलतियों से सबक लेते हुए भाजपा ने इस बार ठोस रणनीति के साथ फूंक फूंक कर कदम रखा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने अंत तक इस पर पूरी नजर बनाए रखी। जिला स्तर पर राजनीति की कमान संभाले राजेश गुर्जर की भूमिका सकारात्मक परिणाम के साथ सामने आई। नवनिर्वाचित पार्षदों ने विधिवत प्रक्रिया के जरिए चैयरमैन पद के चुनाव में भाग लिया। भाजपा के उम्मीदवार पवन कुमार मोदी को नगरपालिका चेयरमैन का ताज नसीब हुआ। बताना बेहद जरूरी है कि राजनीतिक दृष्टि और विकास से आहत सांभर को कई दशकों से राहत का इंतजार बना हुआ है। खासकर बीते पांच वर्षों में राजनीति का जिस तेजी से पतन हुआ वह किसी से छिपा नहीं है। निवर्तमान नगर पालिका के बोर्ड पर जो भ्रष्टाचार का धब्बा लगा उसने मतदाताओं के दिलों पर भी चोट पहुंचाने का काम किया। नवनिर्वाचित चैयरमेन और उनकी टीम के सामने अब एक कठिन चुनौती भी है। आगामी 5 सालों में जनता के मापदंडों पर खरा उतरकर सांभर की दशा और दिशा बदलने में खुद की सक्षमता साबित करने से कहीं अधिक हजारों मतदाताओं के दिलों में खोए विश्वास को फिर से लौटाना ही उनकी खुद की भविष्य की राजनीति को भी तय करेगा।

शंकरलाल पालिका अध्यक्ष बने

बौंली- बामनवास। क्षेत्र केदोनों नगर नगर पालिकाओं के लिए अध्यक्ष पद के लिए कराए गए चुनाव के दौरान प्रशासन द्वारा की गई घोषणा के अनुसार बौंली नगर पालिका से वार्डनबर 15 से भारतीय जनता पार्टी के वार्ड पार्षद विजय पार्षद शंकरलाल को नगर पालिका अध्यक्ष घोषित किया गया है, बामनवास नगरपालिका में वार्ड नंबर 14 से विजय पार्षद रेखा मीना को नगर पालिकाअध्यक्ष घोषित किया गया है। नगर पालिका बौंली में भारतीय जनता पार्टी को नगर पालिका बौंली में कुल 25 सीटों मेंसे भाजपा को 12 कांठोस को 11 एवं दो निर्दलीय थे।

जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक: F-JDA/Zone 07/2026/D-465 **आम सूचना**

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 326542 दिनांक 21/08/2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1.	Satyaketu Thanvi S/o VIJAY KRISHNA THANVI	श्री वी.के. थानवी पुत्र श्री दाउ लाल	C217	-	Cooperative	HANUMAN NAGAR SCHEME NO.5 Sector/Block-C	Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta)	आवंटन पत्र

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue of [Lease/ Free Hold] Deed (E-Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। **उपायुक्त जोन-07**

भगवान झूलेलाल की चालीहा महोत्सव पर बाल कलाकारों का नाटक मंचन

टोंक। निवाई में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद् नई दिल्ली और सिन्धु वीमेन वेलफेयर सोसाइटी निवाई द्वारा झूलेलाल धर्मशाला में संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान चालीहा महोत्सव के तहत सिंधी नाटक भगवान झूलेलाल का मंचन हुआ। इस नाटक का मकसद हिंदू सिंधी समुदाय द्वारा अपने इष्ट देव भगवान झूलेलाल के प्रति आभार जताना और उनका आशीर्वाद लेना था। चालीहा महोत्सव में 40 दिनों तक खास व्रत और पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान झूलेलाल ने सिंधी समुदाय को हमलावरों के जुल्म और धर्म बदलने के खतरे से बचाया था। समिति अध्यक्ष ऋचा लखी छतवानी ने बताया कि यह सिंधी नाटक स्थानीय बाल कलाकारों ने पेश किया। इसमें मुंबई के संत ठाकुर नितिन साईं और शिक्षिका योग्यता इसरानी खास मेहमान के तौर पर मौजूद रहे। 60 मिनट के इस नाटक में भगवान झूलेलाल की उत्पत्ति को सजीव रूप से दिखाया गया। प्रस्तुति देखकर दर्शक भावुक हो गए, इस दौरान निवाई की मस्तराम मंडली ने गीत-संगीत का खास कार्यक्रम भी पेश किया। सभी बाल कलाकारों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

टोंक में चालीहा महोत्सव के तहत सिंधी नाटक भगवान झूलेलाल का मंचन हुआ।

नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda 119

मालवीय नगर शाखा, सी-30, हरि मार्ग, करधनी शॉपिंग सेन्टर के सामने मालवीय नगर, जयपुर-302017, ई-मेलः maljai@bankofbaroda.com

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
"परिशिष्ट-IV-क" [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित(प्रवर्तन)नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" और "जितनी भी उपलब्ध है"** के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा**, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/ आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

क्रं./ लोट सं.	ऋणियों/जमानतदारों/ बंधककर्ताओं के नाम एवं पते	ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो	कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार	ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (ईएमडी) / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/ वास्तविक)	संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय
1.	मैसर्स बाबा राम देव कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियर्स, प्रोपराईटर श्री दीपक कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रामजी लाल अग्रवाल 71, पटेल नगर, राम मंदिर के पिछे, हवा सड़क, सोडाला, 22 गोदाम, जयपुर, राजस्थान 302006 जमानतदार- श्री संजीव शर्मा पुत्र स्व. श्री हरी किशन शर्मा 826, कैलाश मार्ग, शिवाजी नगर, सिविल लाईन्स, जयपुर, राजस्थान 302006	श्री संजीव शर्मा पुत्र स्व. श्री हरि किशन शर्मा के नाम साम्यिक बंधक आवासीय फ्लैट नं. 701, सातवीं मंजिल, हेवन्स गार्डन बालाजी टॉवर-V, प्लॉट नं. सी-2, महल रोड़, जगतपुरा, जयपुर 302026 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1142.09 वर्ग फीट (निर्मित क्षेत्र) है। सीमाएं- पूर्वः गलियारा, पश्चिमः खुली जगह, उत्तरः फ्लैट नं. 702, दक्षिणः लिफ्ट अन्य ऋण भारः ज्ञात नहीं	रूपये 35,70,771.31 दिनांक 30.11.2025 को बकाया एवं आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि।	28.10.2026 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक	आरक्षित मूल्य- रूपये 38,55,000/- / धरोहर राशि- रूपये 3,85,500/- / बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/-	सांकेतिक	22.10.2026 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि और समय- दिनांक 27.10.2026 सांय 07:00 बजे तक

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाईल नं. 8094018319 पर संपर्क कर सकते है।

दिनांकः 19.09.2026
स्थानः जयपुर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा